भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1129
07.02.2020 को उत्तर के लिए

इथनॉल संयंत्र

1129. श्री श्रीधर कोटागिरी :
श्री एम. वी. वी. सत्यनारायण :
श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डी :
श्री एन. रेड्डप्प :
श्री पी. वी. मिधुन रेड्डी :
श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में नए 2जी इथनॉल संयंत्रों की स्थापना के लिए सरकारी क्षेत्र की तेल इकाइयों हेतु मंजूरी प्रदान कर दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) आज की तिथि अनुसार उक्त संयंत्रों की स्थापना के लिए कितनी कंपनियों ने आवेदन किए हैं तथा आज तक राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ऐसे कितने संयंत्रों को मंजूरी प्रदान की गई है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) से (ग) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 के प्रावधानों के तहत नए 2जी इथनॉल संयंत्रों को स्थापित करने के लिए पर्यावरणीय स्वीकृतियां प्रदान करने हेतु पांच (5) प्रस्ताव प्राप्त किए हैं। इनमें से चार (04) परियोजनाओं के लिए सरकारी क्षेत्र की कंपनियों को पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गई है और एक परियोजना को ईआईए/ईएमपी रिपोर्ट तैयार करने के लिए विचारार्थ विषय की मंजूरी दी गई है। उपरोक्त परियोजनाओं का ब्यौरा इसके साथ संलग्न है।

*****

अनुबंध

'इथनॉल संयंत्र' के संबंध में श्री श्रीधर कोटागिरी : श्री एम. वी. वी. सत्यनारायण : श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डी : श्री एन. रेड्डप्प : श्री पी. वी. मिधुन रेड्डी : श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी द्वारा दिनांक 07.02.2020 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1129 के भाग (क से ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

ऐसी परियोजनाओं का ब्यौरा जिनको नए 2जी इथनॉल संयंत्रों को स्थापित करने के लिए मंत्रालय द्वारा नए विचारार्थ विषय/पर्यावरणीय स्वीकृतियां प्रदान की गई हैं।

क्र.सं.	परियोजनाओं का विवरण	राज्य	स्थिति
1.	मैसर्स नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (अब मैसर्स असम बायो-रिफाइनरी प्राइवेट लिमिटेड) द्वारा ओगुरी चपोरी गांव, मोजा मोरंग, तहसील और जिला गोलाघाट (असम) में बांस आधारित इथनॉल परियोजना की स्थापना।	असम	पर्यावरणीय स्वीकृति 6 नवंबर, 2017 को प्रदान की गई।
2.	मैसर्स भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा बुलसिंह गांव, तहसील भटली बारगढ़ (ओडिशा) जिले में 100 केएलपीडी का लिग्नो-सेलुलोसिक 2जी इथनॉल संयंत्र।	ओडिशा	पर्यावरणीय स्वीकृति 10 अगस्त, 2018 को प्रदान की गई।
3.	मैसर्स हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा गांव नसीबपुरा, तहसील तलवंडी साबो, बठिंडा (पंजाब) में 100 केएलपीडी की क्षमता वाला 2जी इथनॉल बायो-रिफाइनरी संयंत्र स्थापित करना।	पंजाब	पर्यावरणीय स्वीकृति 14 अगस्त, 2018 को प्रदान की गई।
4.	मैसर्स इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा बहोली, ब्लॉक मडलौदा, पानीपत रिफाइनरी रोड, पानीपत जिला (हरियाणा) में 100 केएलपीडी लिग्नो-सेलुलोसिक 2जी इथनॉल संयंत्र की स्थापना।	हरियाणा	पर्यावरणीय स्वीकृति 13 नवंबर, 2019 को प्रदान की गई।
5.	मैसर्स भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा अगसोड, तहसील बीना, सागर जिला (मध्य प्रदेश) में 100 केएलपीडी का लिग्नो-सेलुलोसिक 2जी इथनॉल संयंत्र की स्थापना।	मध्य प्रदेश	नए विचारार्थ विषय 11 फरवरी, 2018 को प्रदान किए गए।

*****